हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# आज खुलेगी किस्मत की पेटीः आत्मानंद स्कूल में मतगणना, घंटेभर में आ जाएंगे परिणाम

## घुमका चुनाव मतगणनाः सुबह 9 से शुरू होगी मतगणना की प्रक्रिया, हर वार्ड के लिए होंगे एक-एक राउंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर आज मतगणना की प्रक्रिया की जाएगी। घुमका स्थित आत्मानंद स्कूल में इस प्रक्रिया की पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रशासनिक अफसरों की निगरानी में होने वाली इस मतगणना की शुरूआत सुबह 9 बजे से होगी। ऐसा माना जा रहा है कि सीमित वोटर्स होने के चलते परिणाम घंटेभर के भीतर ही सामने आ जाएंगे।

इधर मतगणना को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी कर ली है। बताया गया कि हर वार्ड के लिए एक राउंड में ही गिनती पूरी कर ली जाएगी। चूंकि नगर पंचायत में कोई भी डाक मतपत्र जारी नहीं किया गया था, इसलिए सीधे ईवीएम में दर्ज वोटों की ही गणना की जाएगी। हर वार्ड के लिए प्रत्याशियों के साथ एक-एक व्यक्ति को भीतर प्रवेश की अनुमति होगी। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर अपने जवानों की तैनाती कर ली है। ज्ञात हो कि परिणाम के सामने आने के बाद मतगणना स्थल पर ही रिटर्निंग अफसर द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। ज्ञात हो चुनाव परिणाम आने के बाद जश्न की तैयारियां भी राजनीतिक दलों ने पहले से ही कर ली है। मौके पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी भारी संख्या में रहेगी।

### त्रिकोणीय मुकाबला

ज्ञात हो कि घुमका नगर पंचायत के पहले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला है, जहां भाजपा से किरण वर्मा, कांग्रेस से फूलमती वर्मा और आम आदमी पार्टी से अलीशा जोशी मैदान में हैं।हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि यहां सीधा संघर्षपूर्ण मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। दोनों ही दलों ने प्रचार अभियान के दौरान अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी।



### पंच, सरपंच परिणाम की घोषणा

ज्ञात हो कि एक जून को ही घुमका नगर पंचायत के साथ ही जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत के चार पदों पर उपचुनाव के लिए मतदान कराया गया था। इनमें सोमनी व मनगटा के पंच, ककरेल का सरपंच और डोंगरगांव जनपद के मचानपार सदस्य के लिए मतदान कराया गया था। हालांकि इन सभी पदों पर मतगणना उस दिन ही कर ली गई थी, लेकिन अधिकारिक परिणामों की घोषणा आज की जाएगी। ककरेल सरपंच का चुनाव नरेंद्र भारती और मचानपार जनपद का चुनाव द्वारका टंडन ने जीता है।

### हर टेबल में तीन कर्मचारी

घुमका नगर पंचायत में हर वार्ड में एक ईवीएम मशीन लगाई गई थी। उसमें ही अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए मतदान कराया गया है। ऐसे में मतगणना के दौरान कुल 15 टेबल लगाई जाएगी। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मतगणना के लिए करीबन 50 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें हर टेबल पर तीन-तीन कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाया, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग ने गत रात्रि आत्महत्या कर ली थी।



इस मामले में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री 2-3 माह पूर्व कॉल सेंटर में काम करने टेडेसरा राजनांदगांव आई थी, जो टेडेसरा में रंजित सिंग के ढाबा में रहती थी। करीबन 15 दिनों से टेडेसरा के किराये के मकान में रहने लगी थी, जो बताई थी कि रंजित सिंग पीड़िता, मृतिका के साथ मारपीट कर जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाता है और घर जाने की बात करने पर कमरे में बंद कर देता है, जिस कारण पीड़िता, मृतिका द्वारा आत्यहत्या किया गया है। प्रार्थिया के रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी रंजित सिंग के विरूद्ध धारा 64, 127(2), 108 बीएनएस 3, 4 पाक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक दिलीप पटेल के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी रंजीत सिंग 22 साल निवासी ग्राम सौंदर थाना डुग्गीपार जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) हाल पता पीएनआर ढाबा टेड़ेसरा थाना सोमनी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### वाहन में शराब परिवहन आरोपी पकड़े गए

**मोहला।** धरपकड़ अभियान के तहत खड़गांव पुलिस ने चार पहिया वाहन से अवैध रूप से शराब परिवहन करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 20 नग सिम्बा बीयर, 18 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की एवं 14 पौवा शेरा प्लेन देशी कीमती लगभग 7480 रुपए को बरामद कर एक चार पहिया टाटा ओमनी वेन को जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल सोनवानी 32 साल के खिलाफ कार्रवाई की है।

## माए एंगल




## तीनों जिलों के हर ब्लॉक से एक-एक स्कूल का किया गया चयन

# तीन जिलों में खुलेगी 8 विवेकानंद स्कूलें, मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में अब स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत जिलेवार स्कूलों का चयन कर सूची भी जारी कर दी गई है। अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलों के हर ब्लॉक से एक-एक स्कूल का चयन इसके लिए किया गया है। इन स्कूलों में आधुनिक स्मार्ट क्लासेस, ई-लाईब्रेरी सहित कई सुविधाएं दी जाएगी। जिलों से तय पद के विरुद्ध रिक्त पदों की जानकारी मंगाई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के संचालन हेतु चयनित शालाओं की एक महत्वपूर्ण सूची जारी की गई है। इस आदेश के तहत प्रदेश के विभिन्न संभागों और जिलों के शासकीय स्कूलों का चयन उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में किया गया है, ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। इस सूची में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों की शालाओं को भी विशेष स्थान मिला है। गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल खोलने जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना और सरकारी स्कूलों की छवि को मजबूत करना है।



### जिले से इन स्कूलों का चयन

आदेश के अनुसार जिले में चार स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें राजनांदगांव विकासखंड के ठाकुर प्यारेलाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टप्पा, डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा और छुरिया विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोभा को भी स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में संचालित किया जाएगा।

### आधुनिकत रहेंगी स्कूलें

इन नए स्कूलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इनमें स्मार्ट भवन, आधुनिक साइंस लैब, ई-लाइब्रेरी और कम्प्यूटर के लिए विशेष सुविधाएं दी जाएगी। इन सर्वसुविधायुक्त स्कूलों के शुरू होने से बुनियादी शिक्षा ढांचे में सीधा सुधार होगा। इन स्कूलों में कुल 27 पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर भर्ती भी की जाएगी। पद अनुसार प्राचार्य, प्रधान पाठक (प्राथमिक) और प्रधान पाठक (पूर्व माध्यमिक), व्याख्याता में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल/अर्थशास्त्र, इतिहास/राजनीति, गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, रसायन और भौतिक। सहायक शिक्षक, शिक्षक हिन्दी-संस्कृत, अंग्रेजी, कला, विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर शिक्षक और व्यायाम शिक्षक पद शामिल हैं। इसके साथ ही कार्यालयीन व अन्य स्टाफ के लिए ग्रंथपाल, प्रयोगशाला सहायक, सहायक ग्रेड-02, सहायक ग्रेड-03, भृत्य, चौकीदार और अंशकालीन सफाई कर्मचारी के पद शामिल हैं।

**नए जिलों में भी पांच स्कूलः** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ विकासखंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ईटोला और छुईखदान विकासखंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैलीमेटा को इस सूची में जगह मिली है। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्रमटोला, मानपुर विकासखंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पानाबरस और अंबागढ़ चौकी विकासखंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघाभेड़ी का चयन उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में किया गया है।

# पीएससी भर्ती घोटाला शहर में ईडी का छापा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग पीएससी भर्ती घोटाले की जांच के मामले मे प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने बुधवार को शहर के शिक्षक नगर स्थित एक आवास में दबिश देकर जांच शुरू की है। शिक्षक नगर स्थित आवास ललित धर्मशील गणवीर का बताया जा रहा है, जो कि 2020 से 2022 के बीच पीएससी परीक्षा के दौरान परीक्षा नियंत्रक थे। बताया जा रहा है कि वह वर्तमान में रायपुर केन्द्रीय जेल में पदस्थ हैं।

आज सुबह ईडी की टीम शिक्षक नगर स्थित ललित गणवीर के निवास पहुंची। बताया जा रहा है कि वह पीएससी परीक्षा के दौरान परीक्षा नियंत्रक थे। इन पर पीएससी भर्ती में अनियमितता और चयन प्रक्रिया प्रभावित करने के आरोप लगा था, जिस पर ईडी द्वारा जांच की जा रही है। मामले में जांच एजेंसी पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और अब इसके तार राजनांदगांव से जुड़ गए हैं।

### तीन वाहनों में पांच सदस्यी टीम

ईडी की पांच सदस्यीय टीम आज सुबह रायपुर से तीन वाहनों में राजनांदगांव पहुंची और छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान ईडी के अधिकारियों द्वारा यहां दस्तावेजों और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की गई।

### चयन में गड़बड़ी

गौरतलब है कि वर्ष 2020 से 2022 के बीच हुई पीएससी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि चयन प्रक्रिया को प्रभावित कर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है। वहीं कई प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों को नियमों के विपरीत फायदा पहुंचाया गया। इस मामले में ईडी पहले भी कई स्थानों पर छापेमार कार्रवाई कर चुकी है और जांच के दौरान कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

### लेन-देन की जांच

सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम वित्तीय लेन-देन, भर्ती प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से जांच कर रही है। पीएससी भर्ती घोटाले को लेकर प्रदेशभर में चर्चा का माहौल है और अभ्यर्थियों की नजरें जांच के परिणामों पर टिकी हुई है।

# आज जिले के 22 केंद्रों में होगी डी.एड. प्रवेश परीक्षा

## सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा कल 4 जून को डी.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 6712 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

- 6712 परीक्षार्थी होंगे शामिल, सुबह 9.30 बजे बंद हो जाएंगे केंद्रों के मुख्य द्वार



परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं परीक्षा संचालन समिति द्वारा परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे, आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते परीक्षा के सुचारू, सुरक्षित एवं अनुशासित संचालन में सहयोग प्रदान करें। इससे व्यापम द्वारा आयोजित डी.एड. प्रवेश परीक्षा का सफल एवं निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### कई सामग्री प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं तथा किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले अथवा काले बॉल पेन की अनुमति होगी। साथ ही परीक्षार्थियों को आधी बांह वाले सादे एवं हल्के रंग के वस्त्र पहनकर परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होगा।

### परीक्षा संचालन तक होगा निरीक्षण

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा तथा पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश, सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया परीक्षा प्रारंभ होने के लगभग दो घंटे पूर्व से शुरू कर दी जाएगी, ताकि सभी अभ्यर्थियों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की सतत निगरानी के लिए उडनदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है, जो पूरे परीक्षा संचालन तक सतत निरीक्षण करेंगे।

# मोपेड की डिक्की से नगदी रकम की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड की डिक्की में रखे नगदी रकम को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 जून को ग्रामीण बैंक तुमडीबोड से 44,000 रुपए निकालकर अपने स्कूटी के डिक्की में रखा व वहां से निकलकर तुमडीबोड से डोंगरगढ़ जाने वाले तिराहा के पास ढाबा में चाय पीने के लिए गया। वापस आकर देखा तो गाड़ी के डिक्की में पैसा को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# छिंदारी बांध घूमने गए छात्र की डूबने से मौत, घंटों मशक्कत के बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

केसीजी जिले के छिंदारी बांध घूमने गए तीन दोस्तों में से एक की डूबने से मौत हो गई। नाबालिग छात्र नहाने के लिए बांध में उतरा था, लेकिन संतुलन बिगड़ने के चलते वह गहरे पानी में चला गया था। छात्र के शव को निकालने के लिए दो जिलों से एसडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा। जिनकी घंटों मशक्कत के बाद देर शाम शव को निकाला जा सका।



मिली जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी लक्ष्य पाल पिता संजय पाल 16 साल अपने दो दोस्तों के साथ छिंदारी बांध पिपरिया जलाशय घूमने गया था। इस दौरान ही इनमें से दो दोस्त नहाने के लिए बांध में उतरे। गड्ढा अधिक होने के चलते दोनों डूबने लगे, लेकिन तीसरे मित्र ने हाथ पकड़कर एक मित्र को बाहर निकाल लिया, जब तक लक्ष्य को बचाने की कोशिश हो पाती, उससे पहले ही वह गहरे पानी में जा चुका था। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई और पुलिस ने पहले राजनांदगांव से फिर दुर्ग से एसडीआरएफ की टीमों को मौके पर बुलाया।

### होनहार छात्र था लक्ष्य

स्कूल के सहपाठियों ने बताया कि लक्ष्य पाल पढ़ाई में बहुत ही होशियार था। वो इस साल दसवीं कक्षा में 86 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में प्रथम आया था। रोजाना की तरह ही बुधवार को भी वह सुबह बैडमिंटन खेलकर घर गया और 11.30 बजे अपने दोस्तों के साथ छिंदारी बांध घूमने गया था, जहां यह घटना हुई।

### नांदगांव एसडीआरएफ को नहीं मिला छात्र

घटना के बाद मौके पर छात्र को ढूंढने के लिए पहले राजनांदगांव से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था। टीम लगातार ढूंढती रही, लेकिन छात्र का कोई अता-पता नहीं चला। जिसके बाद दुर्ग जिले से एसडीआरएफ को बुलाया गया। इस टीम ने शव को ढूंढ निकाला।

## उत्तीर्ण छात्र अब महाविद्यालयों में दाखिले के लिए कर रहे इंतजार

# दाखिले के लिए पहुंच रहे छात्र, कॉलेजों ने कहाः लौट जाइए अभी नहीं आया कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दाखिले के समय छात्रों का इंतजार करने वाले महाविद्यालय इस बार उन्हें लौटा रहे हैं। वजह है कि अब तक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश तिथियों की घोषणा नहीं की गई है। अब प्रवेश केंद्रीकृत होते हैं, इसलिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तय तिथियों में ही विश्वविद्यालय आवेदन पोर्टल खोलते हैं। महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी विवि के पोर्टल में जाकर ही आवेदन करना होता है।

चूंकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब तक तिथियों की घोषणा नहीं की गई है, इसलिए महाविद्यालय छात्रों को कोई निश्चित तिथि नहीं बता पा रहे हैं। इसके स्थान पर वे छात्रों को वापस लौटा रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल 29 अप्रैल को दसवीं के साथ-साथ बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की भी घोषणा कर चुका है। इसके अलावा सीबीएसई ने भी 12वीं कक्षा के परिणाम 13 मई को घोषित कर दिए थे। इसमें उत्तीर्ण छात्र अब महाविद्यालयों में दाखिले के लिए इंतजार कर रहे हैं।




गौरतलब है कि केंद्रीकृत आवेदन की व्यवस्था होने के पूर्व तक महाविद्यालय अपने स्तर पर दाखिले आरंभ कर देते थे। अधिकतर महाविद्यालय मई में ही आवेदन पत्रों की बिक्री प्रारंभ कर देते थे अथवा तिथि निर्धारित कर देते थे, ताकि छात्रों को अधिक परेशानी ना हो। छात्रों की सुविधा के लिए बनाई गई केंद्रीकृत व्यवस्था में लेट-लतीफी अब पहले की तुलना में अधिक व्यवधान उत्पन्न कर रही है।

### आगे प्रेषित करेंगे खतः प्रबंधन

शासकीय विश्वविद्यालयों से संबद्ध निजी महाविद्यालयों का कहना है कि छात्रों का रूझान अब प्राइवेट युनिवर्सिटी की ओर बढ़ा है। प्रवेश में विलंब होने के कारण छात्र मिलने में परेशानी होती है। अपनी समस्याओं को लेकर राजधानी के निजी महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने पं. रविशंकर शुक्ल विवि प्रबंधन से मुलाकात की थी। इस पर रविवि प्रबंधन ने खत आगे प्रेषित करने की बात कही है। विवि का कहना है कि शैक्षणिक कैलेंडर जारी करने का निर्णय शासन स्तर का है। ऐसे में उनके द्वारा इस विषय में कोई निर्णय नहीं लिए जा सकते और ना ही कोई व्यवस्था की जा सकती है। ना केवल रविवि, बल्कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के समक्ष भी इसी तरह की स्थिति निर्मित हो गई है।

## खबर संक्षेप

### जन सहयोग से मकान सूचीकरण कार्य पूरा

**मोहला।** जनगणना अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। यह कार्य 1 मई से 30 मई तक किया गया। जनगणना के प्रथम चरण में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया। इस दौरान प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से 33 बिंदुओं पर जानकारी ली गई। जनगणना का दूसरा चरण फरवरी में होगा। अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 594 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### खाद-बीज वितरण में तेजी लाने के निर्देश

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अग्रिम खाद एवं बीज वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से खाद भंडारण की स्थिति की जानकारी ली तथा बीज वितरण कार्य में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्दोष छात्रों से न लिया जाए शुल्क

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सीबीएसई परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन



एवं उत्तरपुस्तिका जांच शुल्क पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में त्रुटि होती है तो उसका खामियाजा विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका की डिजिटल कॉपी प्राप्त करने, अंकों के पुनर्गणना तथा पुनर्मूल्यांकन के लिए अलग-अलग शुल्क जमा करना पड़ता है। कई मामलों में यह राशि हजारों तक पहुंच जाती है। यह स्थिति उन परिवारों के लिए चिंताजनक है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि यदि मूल्यांकन प्रक्रिया में तकनीकी या मानवीय त्रुटि हुई है तो उसकी जिम्मेदारी संस्था की होनी चाहिए, न कि विद्यार्थियों की। उन्होंने पुनर्मूल्यांकन और उत्तरपुस्तिका जांच की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की है।

### मदन मंडावी को मिला शब्द शिखर सम्मान

**डोंगरगढ़।** वक्ता मंच ने रायपुर में काव्य महाकुंभ रचनाकार सम्मान




समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में तोतलभरी के शिक्षक मदन मंडावी को शब्द शिखर सम्मान से नवाजा गया। आयोजन के मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ. गीतेश अमरोहित थे। अध्यक्षता डॉ. संयुक्ता गांधी ने की। विशेष अतिथि सुशील अग्रवाल, राजकुमार द्विवेदी, पीके तिवारी, सीमा पांडेय, डॉ. रूपेंद्र, डॉ. अजीत मिश्रा थे।

### देवकट्टा जलाशय में 4 फीट पानी शेष

**डोंगरगढ़।** क्षेत्र में जल संकट लगातार गहरा रहा है। तालाब और नाले



सूख रहे हैं, जिससे पशु-पक्षियों सहित ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। हालात यह हैं कि मवेशियों को पानी के लिए भटक रहे हैं। तालाबों में निस्तारी पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार देवकट्टा जलाशय की अधिकतम भंडारण क्षमता 36 फीट है किन्तु पिछले एक माह में जलस्तर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। वर्तमान में रिजर्व कोटा को छोड़कर केवल 3 से 4 फीट पानी शेष है जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि देवकट्टा, कन्हारगांव, शिवपुरी और बेलगांव सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में जल संकट बना हुआ है। अधिकांश नाले सूख गए हैं। सफाई नहीं होने से जलाशय से छोड़े गए पानी का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ असद सिद्दीकी ने बताया कि निस्तारी की मांग के अनुरूप ही जलाशय से पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रिजर्व कोटा सहित लगभग 4 फीट जल शेष है।

### छात्र-छात्राओं को जॉब ट्रेनिंग



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार के हेल्थ केयर के छात्र छात्राओं को प्राचार्य केके साहू के नेतृत्व में व्यवसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खामतराई में ऑन जॉब ट्रेनिंग दिया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में विद्यार्थियों को बीपी, शुगर, तापमान जांच, फर्स्ट स्टेट देना, ड्रिप लगाना, ड्रेसिंग करना, बेड मेकिंग सहित अन्य काम सिखाया जा रहा है। विद्यार्थियों को डॉ. उदय तिवारी, प्रियंका, गौरव, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खामतराई की अंजना वैष्णव के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### शराब दुकान खुलने के बाद बढ़ी दुर्घटनाएं

**खड़गांव।** गांव में सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद दुर्घटनाएं बढ़ गई है। वहीं बाहरी लोग आकर आए दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाते रहते है। शराब दुकान खुलने के बाद बाहरी क्षेत्रों के लोगों शराब का अवैध कारोबार भी बेरोकटोक किया जा रहा है जिनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। कहा जा रहा कि शराब कोचियों द्वारा विभाग को मंथली मोटी रकम दी जाती है। इन दिनों आसपास के लोग सरकारी शराब दुकान से देशी शराब लेकर गांव में बेच रहे हैं।

## अधिकारियों ने ग्रामीणों के विरोध के बाद भी जांच और कार्रवाई नहीं की

# निर्माण के पांच महीने में उखड़ने लगी सड़क

## आदिवासी ग्रामीणों ने वनांचल की सड़क के भविष्य पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

पीएम-जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के विकास के दावों की पोल अब खुलकर सामने आने लगी है। करोड़ों की लागत से बनाई गई सड़क महज 5 महीनों के भीतर ही रेत की तरह बिखरने लगी है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर फ हरिभूमि लगातार ख़बरें प्रकाशित कर चुका है किन्तु जिला प्रशासन सुध नहीं ले रहा है, जिससे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने सड़क निर्माण का समय ख़त्म, फिर भी अपूर्ण शीर्षक से खबर प्रकाशित कर पाठकों को बताया था कि ठाकुरटोला-लावातरा रोड से बैगापारा तक बनने वाली 1.700 किमी लंबी सड़क की कार्य पूर्ण करने की तिथि 22 मार्च 2025 निर्धारित थी, जो काफी समय पहले समाप्त हो चुकी थी, लेकिन निर्माण एजेंसी मेसर्स केआर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स दुर्ग ने कार्य को पूर्ण नहीं किया। इसी प्रकार 21 फरवरी 2026 को विलंब के बाद सड़क का घटिया निर्माण शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर में इस बात का खुलासा किया था कि मामला सुर्खियों में आने के बाद ठेकेदार ने डामरीकरण तो कर दिया, लेकिन गुणवत्ता को पूरी तरह ताक पर रख दिया। एक से दो इंच की डामर परत बिछाकर काम का इतिश्री कर दिया गया, जिसके बाद बैगा आदिवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने घटिया निर्माण का विरोध किया।


ग्रामीणों के विरोध का सुध नहीं ले रहा शासन-प्रशासन
प्रधानमंत्री जनमन योजना की सड़क घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी
ग्रामीणों के विरोध के बाद भी अब तक नहीं हुई कोई जांच


सड़क निर्माण का समय खत्म, फिर भी अपूर्ण
परियोजना का विवरण
प्रशासन से मांग


उखड़ने लगी सड़क, भड़के बैगा आदिवासी परिवार
विलंब के बाद सड़क का घटिया निर्माण



### सीमेंटीकरण की तराई में कोताही

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर दो स्थानों पर कांक्रीट निर्माण किया गया है, लेकिन निर्माण के बाद तराई केवल दो से तीन बार ही किया गया। जब सीमेंटीकरण किया जा रहा था तब गर्मी चरम पर थी।गर्मी को देखते हुए 5 से 10 बार तराई किया जाना था। समुचित तराई नहीं करने से गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका ग्रामीणों ने जताई है।

### कोर कटिंग कर जिम्मेदारी से इतिश्री

सड़क के कुछ स्थानों पर कोर कटिंग के निशान साफ देखे जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर व्यापक और उच्च स्तरीय जांच करने के बजाय महज खानापूर्ति के लिए कोर कटिंग करवा कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लिया। चर्चा यह भी है कि इस औपचारिकता के बाद भुगतान भी कर दिया गया है।

### आदिवासियों के विरोध की अनदेखी

पक्की सड़क नहीं मिलने के बाद जब आदिवासियों ने आगे आकर ख़राब सड़क निर्माण का विरोध किया तब भी किसी बड़े अधिकारी ने मौके पर जाकर ग्रामीणों से फीडबैक लेना उचित नहीं समझा। प्रभावितों की आवाज की अनदेखी करते हुए बंद कमरों में तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर दी गई।

### अनदेखी के कारण घटिया निर्माण

वर्तमान में उक्त सड़क की स्थिति यह है कि डामरीकरण का कार्य पूर्ण हुए महज 5 महीने हुए है सड़क उखड़कर रेत के समान बिखरने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब बिना बारिश के ही सड़क उखड़ रही है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि मानसूनी बारिश में करोड़ों की सड़क का क्या हाल होगा? आशंका है कि बारिश में पूरी तरह बह जाएगी।

### सरकार की छबि धूमिल

ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि प्रशासन इस बेहद संवेदनशीलता नहीं दिखा रहा है। एक तरफ केंद्र सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए करोड़ों का बजट जारी कर रही है, तो दूसरी तरफ स्थानीय अधिकारी और ठेकेदार की जुगलबंदी इस योजना को पलीता लगा रही है। ग्रामीणों के अनुसार बार-बार विरोध के बावजूद कार्रवाई न होने से सरकार की छबि धूमिल हो रही है। लोग अब सीधे तौर पर प्रशासनिक तंत्र की नीयत पर सवाल खड़े कर रहे हैं कि क्या यह लापरवाही जानबूझकर सरकार को बदनाम करने के लिए की जा रही है?

### जिम्मेदारों ने कहा

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि उक्त सड़क को क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए स्वीकृत कराया गया था। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। मामले को आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### जांच नहीं

ग्राम पंचायत सिंगारपुर के सरपंच चंद्रकुमार वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान खराब सामग्री के उपयोग तथा सड़क की मोटाई कम होने की शिकायतें की गई थीं किन्तु ने जांच की गई और न ही पंचायत प्रतिनिधियों को निर्माण के सत्यापन में शामिल किया गया।

### अभी व्यस्त हूं

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ईई श्री मिश्रा से इस सम्बंध में टेलीफोनिक सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी बहुत ज्यादा व्यस्त हूं। इस संबंध में कल बात करेंगे।

### शिकायत की जाएगी

पूर्व जिपं सदस्य ममता राजेश पाल ने बताया कि घटिया निर्माण की जानकारी ग्रामीणों से मिली थी। ग्रामीणों का कहना था कि डामर की बहुत पतली परत डाला गया है। बारिश में उक्त सड़क खराब हो जाएगी। मामले में मंत्री से शिकायत कर जांच की मांग किया जाएगा।

## माइंस का लाभ नहीं मिल रहा युवाओं को

**खड़गांव।** क्षेत्र में दो बड़ी माइंस होने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। काम नहीं मिलने से युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है। दोनों माइंस में करोड़ों का काम हो रहा है किन्तु खडगांव क्षेत्र के लोगों को काम से दूर रखा जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ रही है और युवा नशे करने मजबूरहे हैं। लीला ने बताया कि क्षेत्र की आबादी बहुत ज्यादा नहीं है फिर भी प्रत्येक घर के लोगों को काम पर नहीं रखा जा रहा है। मनीष ने बताया कि जब भी माइंस काम मांगने जाते हैं तो बोला जाता है कि आने वाले समय पर देखेंगे। अब तक किसी को काम नहीं दिया गया है। भीखम रावटे ने बताया कि उनके परिवार में आठ लोग हैं लेकिन किसी को भी काम नहीं मिला है। क्षेत्र में माइंस होने का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल रहा है। सौतेला व्यवहार होने से युवाओं में नाराजगी बढ़ रही है जिससे भविष्य में आंदोलन होने की संभावना है।

## मुरूम के बेजा खनन व परिवहन पर अंकुश नहीं

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में मुरूम के अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश नहीं लग रहा है। राजस्व एवं खनिज विभाग की कार्रवाई के अभाव में मुरूम का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। शाम से मुरूम का खनन एवं परिवहन शुरू होता है, जो पूरी रात चलता है। सुबह होते ही मौके पर वाहन गायब हो जाते हैं। कार्रवाई से बचने यह काम अवकाश के दिन अधिक किया जाता है। पंचायत प्रतिनिधि भी निजी जमीन पर खनन होने की बात कर चुप्पी साध लेते हैं। जानकारी अनुसार मुरूम खनन करने वाले किसानों को कृषि योग्य भूमि बनाकर देने का लालच देकर मुरूम का खनन कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक निजी जमीन पर भी खनन करने विभाग से अनुमति आवश्यक है किन्तु क्षेत्र में बिना अनुमति के खनन किया जा रहा है। जब कभी खनिज या राजस्व विभाग के अधिकारी का दौरा होता है तो इन्हें पहले से जानकारी मिल जाती है जिससे खननकर्ता मौके से वाहन हटा देते हैं।

### कार्रवाई कराया जाएगा

इस मामले पर जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने कहा कि क्षेत्र में मुरूम के अवैध खनन की शिकायत है। विभाग को बोल कर इस पर रोक एवं कार्रवाई कराया जाएगा।



### विभाग को लाखों का नुकसान

क्षेत्र में मुरूम के अवैध खनन से विभाग को लाखों के राजस्व का नुकसान हो चुका है। जानकारी अनुसार मुरूम खनन के लिए सरकारी एवं निजी भूमि को बीते कई वर्षों से विभाग द्वारा लीज पर नही दिया गया है फिर भी कई हेक्टेयर जमीन गहरी खाई में तब्दील हो गई है।

### मार्ग गड्ढों में तब्दील

गांव से खेत की ओर जाने लिए सभी गांव में कच्चा मार्ग बना है पर लगातार इस मार्ग से वाहन गुजरने से जगह जगह गडढे हो गए है। मुरूम के अवैध खनन से नहर भी सुरक्षित नहीं बची है। खनन कर्ताओं ने नहर के दोनों किनारों से मुरूम निकाल लिया है। अब नहर के पार आवागमन के लायक नहीं रहे गए है।


## बेजा कब्जा से सिंचाई होगी बाधित, बढ़ेगी किसानों की परेशानी

# जलाशय से अतिक्रमण हटाने आए ढेरों आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में सैकडो किसानो ने गोंदानाला जलाशय एवं केनाल में किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। किसानों की शिकायत है कि गोंदानाला के तट एवं केनाल पर निरंतर अतिक्रमण किया जा रहा है। बेजा कब्जा को हटाने के लिए प्रशासन पूरी तरह उदासीन है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है वह समय समय पर गोंदानाला जलाशय से अतिक्रमण हटाने, जलाशय का सीमांकन करने की मांग कर रहे है लेकिन इसे लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। जानकारी के अनुसार निकाय क्षेत्र में गत 7 एवं 19 मई को शिविरों का आयोजन हुआ था। दोनों शिविर में गोंदानाला जलाशय की मेड एवं केनाल पर किए गए अतिक्रमण को हटाने एवं दोषियो पर कार्रवाई के लिए राजस्व एवं जल संसाधन विभाग को सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। किसानों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो लोगों को सिचाई के लिए पानी नहीं मिलेगा।



### कार्रवाई के लिए भेजा गया आवेदन

सीएमओ विजय पांडेय ने बताया कि गोंदानाला जलाशय एवं केनाल से अतिक्रमण हटाने सैकडो की संख्या में आवेदन आए है। आवेदनो को निराकरण के लिए राजस्व एवं जल संसाधन विभाग को भेजा गया है।

### पौने दो करोड का काम अपूर्ण

नहर लाईनिंग कार्य के लिए तत्कालीन विधायक छन्नी साहू के प्रयास से लगभग दो करोड की मंजूरी मिली थी। निर्माण अब तक अपूर्ण है। जल संसाधन विभाग की माने तो कार्य अभी पचास प्रतिशत भी पूर्ण नही हुआ है। बताया जाता है कि केनाल का लगभग आठ सौ मीटर क्षेत्र अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। जल संसाधन के उपयंत्री अतुल लाडे ने बताया कि अतिक्रमण हटाने का मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए अतिक्रमण हटाया नही जा सका है और नहर लाईनिंग काम रूका है।

### सीमांकन करने एवं पोल हटाने की मांग

नगर के सुरेश देशमुख, शरीफ कुरैशी, रामनारायण नेताम, किशोर देवांगन, गोविंद मानिकपुरी, मंत्री निषाद, मुन्ना निषाद, अरूण यादव, त्रिभुवन देवांगन, लखन देवांगन, परस निषाद, विनोद खरे, चतुर खरे, मिर्जा नबी, ईमरान मिर्जा, प्रीत यादव, छगन बंजारे, मुन्ना निषाद ने शिविर में गोंदानाला जलाशय एवं केनाल से अतिक्रमण हटाने, सीमांकन कराने तथा केनाल के बीच लगे इलेक्ट्रिक पोल को हटाने की मांग की है। किसानों की माने तो उन्होने पिछले साल भी सुशासन तिहार में आवेदन दिया था जिसका अब तक निराकरण नही हुआ है। वार्ड 4, 1 एवं 2 में कई स्थान ऐसे है जंहा अतिक्रमण के चलते केनाल गायब हो गई है।

## टुकड़ों में बिक गए खेत, निर्माण भी जारी

**डोंगरगांव।** राजस्व अमला और जमीन दलालों के गठजोड़ से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और बिना डायवर्सन के कृषि भूमि पर निर्माण बेरोकटोक जारी है। स्टेट हाइवे के दोनों किनारों की कृषि भूमि न सिर्फ कई टुकड़ों में बिक गई है बल्कि बिना डायवर्सन के निर्माण भी लगातार जारी है। जानकरी के अनुसार आरी के आदिवासी मोहल्ले के सामने से लेकर सुखरी नाला तक कई एकड़ जमीन टुकड़ों में बिक चुकी है और अब लोगों ने बिना डायवर्सन के निर्माण करना भी शुरू कर दिया है। सब कुछ नियम विरुद्ध होने के बाद राजस्व विभाग का अमला अंकुश लगाने के बजाए उगाही कर संरक्षण देने में लगा है। हैरानी वाली बात यह है कि स्टेट हाइवे से राजस्व विभाग के अधिकारी रोज गुजरते हैं किन्तु अवैध प्लाटिंग की ओर उनका ध्यान नहीं जाना हैरान करने वाला है। बताया जाता है कि जमीन का पूरा खेल राजस्व अमले की शह पर चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा निकाय क्षेत्र में सरकारी जमीन की हेराफेरी कर बेचा जा रहा है। जमीन दलालों ने सार्वजनिक महत्व की सरकारी जमीन को गायब कर दिया है। वहीं कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग और निर्माण लगातार जारी है। राजस्व अमला जहां बेजा कार्यों को बढ़ावा दे रहा है वहीं निकाय का अमला उगाही करने में जुटा है।

## बोरतलाव के पंचों ने सरपंच के खिलाफ खोला मोर्चा

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच कैलाश उके के खिलाफ पंचों का असंतोष खुलकर सामने आ गया है। पंचायत के 15 पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया है। अविश्वास के आवेदन में पंचों ने सरपंच पर मनमानी करने, विकास कार्यों में पारदर्शिता की कमी तथा मूलभूत आवश्यकताओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। पंचों ने आवेदन में बताया है कि विकास कार्यों के लिए पंचों की सहमति नहीं ली जाती और न खर्चों का



लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने जल, सड़क, नाली निर्माण और प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

### इन पंचों ने जताया अविश्वास

अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन में मधु साहू, मेनका बाई यादव, राम करिहा, ज्योति झाड़े, नम्रता तांडे, प्रमिला टेम्भुरकर, पूर्णिमा नेताम, भरत कुमार बिवारी, कुमेश्वरी पड़ती, विनोद साहू, पंकज सोरी, सेवनबाई मंडावी, दिनेश मंडावी, उर्वशी नेताम, देवेंद्र सुलाके ने हस्ताक्षर किए हैं।

### वैधानिक कार्रवाई की मांग

पंचों ने एसडीएम से पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवेदन स्वीकार कर वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। ग्राम पंचायत बोरतलाव में इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है।



# पीएम आवास निर्माण में लापरवाही, 35 हितग्राहियों की एसडीएम कोर्ट में पेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय पर शुरू या पूरा नहीं करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है।

जनपद पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2016 से 2025 तक स्वीकृत 1008 ऐसे आवास चिन्हित किए गए हैं, जिनका निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है या आधा अधूरा है। शासन के निर्देशों के अनुरूप इन प्रकरणों में एसडीएम न्यायालय द्वारा संबंधित हितग्राहियों को समन जारी कर सुनवाई के लिए तलब किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पंचायत देवरी, महरूमकला, कुकुरमुड़ा के कुल 35 डिफाल्टर हितग्राहियों को न्यायालयीन समन की तामीली के बाद एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सुनवाई दौरान सभी हितग्राहियों को आगामी 15 दिनों के भीतर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का अंतिम अवसर देते हुए सख्त निर्देश जारी किया गया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अगली पेशी में अनुपस्थित रहने वाले हितग्राहियों को पुलिस के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित कराया जाएगा।



### एक का आवास निरस्त, राशि लौटाने का दिया आदेश

सुनवाई दौरान ग्राम कुकुरमुड़ा निवासी हितग्राही सुशील कुमार साहू द्वारा प्रथम किश्त मिलने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने पर उनका स्वीकृत आवास तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। साथ ही उन्हें प्राप्त शासकीय राशि 15 दिनों के भीतर वापस जमा करने का आदेश दिया गया है। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर उनके विरुद्ध राजस्व वसूली सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय में उपस्थित अन्य हितग्राहियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित प्रतिज्ञा व सहमति पत्र प्रस्तुत कर शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने का आश्वासन दिया। एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि बैंक खाते में राशि प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ करना और अधिकतम छह माह के भीतर आवास पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने जनपद और ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लगातार लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों को कम से कम तीन नोटिस जारी किया जाएं और इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर आवास निरस्तीकरण एवं राशि वसूली की कार्रवाई को लेकर प्रकरण एसडीएम कार्यालय को भेजा जाए।

---

### ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

# प्रभारी मंत्री ने दी सौगात, 17 पंचायतों के ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

## अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत विकासखंड छुईखदान की ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित समाधान शिविर में प्रभारी मंत्री एवं वाणिज्य, उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की तथा अधिकारियों को त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं गरीब, किसान, श्रमिक और आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में प्रारंभ की गई योजनाओं ने विकास और जनकल्याण को नई दिशा दी।

श्री देवांगन ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और प्रशासन को सीधे जनता तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किए जा रहे हैं तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा प्रकाश वर्मा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी म कुमार पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### ग्रामीणो की दूर हो रही दिक्कतें

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक शासकीय योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रांत सिंह ने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो रहा है।

### 22 हजार मिले आवेदन

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि सुशासन तिहार-2026 के तहत जिले में अब तक लगभग 22 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत से अधिक का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नवगठित जिले में सीमित संसाधनों के बावजूद प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, मीडिया एवं आमजन के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो पाया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 142 मरीजों का उपचार

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में कुल 142 मरीजों का उपचार किया गया। 79 लोगों की रक्तचाप एवं शुगर जांच, 26 लोगों की नेत्र जांच, 52 एक्स-रे तथा 15 मलेरिया जांच की गई। शिविर में 112 आभा आईडी, 22 आयुष्मान कार्ड एवं 3 वय वंदन कार्ड बनाए गए। एक कुपोषित बच्चे की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया।स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त 2 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया तथा कोई भी आवेदन लंबित नहीं रखा गया।

### हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर में 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान की गई। शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, मोमेंटो, पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए। कृषि विभाग ने 5 किसानों को मूंग बीज तथा उद्यानिकी विभाग ने 5 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट प्रदान की। मत्स्य विभाग ने 2 हितग्राहियों को मछली जाल एवं 2 को आइस बॉक्स वितरित किए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 श्रवण यंत्र एवं 10 छड़ियां प्रदान की गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5 सुपोषण किट एवं 5 स्वच्छता किट वितरित कीं, जबकि खाद्य विभाग ने 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किए। स्वास्थ्य विभाग ने 10 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र तथा 3 टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया।

---

# ओवर स्पीडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव पर चलेगा जिले में विशेष अभियान



**खैरागढ़।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।

बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, दुर्घटना नियंत्रण, आवारा पशुओं की समस्या के अलावा वर्षाकालीन सुरक्षा उपायों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने रात्रिकालीन समय में ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा वही जिले में स्पीड डिटेक्शन कैमरा स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार करते हुए संबंधित विभागों को प्रस्ताव तैयार करने कहा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक के लिए अनिवार्य है तथा शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।

### शराब पीकर वाहन चलाना पड़ेगा महंगा

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित करने, शराब दुकानों के बाहर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने, रात्रिकालीन जांच के दौरान ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से ड्रंक एंड ड्राइव मामलों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के अलावा डीजे वाहनों, ध्वनि विस्तारक यंत्रों द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए साउंड डेसिबल मीटर के उपयोग पर भी बल दिया। अंत में कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सडक सुरक्षा संबंधी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने सतत प्रयास करने कहा ताकि सडक दुर्घटनाओं में कमी और सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने में मदद मिले।

### सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम

बैठक में बरसात के मौसम के दौरान आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग को शहरी गौठान की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ करने, कांजी हाउस, गौधामों की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिया। बैठक मे सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता सहित जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने पर जोर दिया गया। शिक्षा विभाग को इस दिशा में प्रभावी पहल करने कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समयबद्ध सत्यापन, हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने, ईडीएआर प्रणाली के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने पुलिस व यातायात विभाग को आवश्यक निर्देश बैठक में दिया गया। इसके अलावा वर्षाकाल में साल्हेवारा घाटी क्षेत्र में संभावित भूस्खलन की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा उपायों पर चर्चा दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागों को संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षात्मक नेट लगाने व आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था समय रहते पूरा करने कहा।

---

# शुरू नहीं हुआ पीएम आवास का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया पालिका क्षेत्र में कछुआ गति से चल रही है। जनवरी में आदेश जारी करने और सर्वे दल का गठन करने के बाद भी अब तक सर्वे शुरू नहीं हो सका है। इस लापरवाही को लेकर जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। पार्षद के विनायक राव और जयकिशोर अम्बादे ने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र सौंपकर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पार्षदों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार नगरपालिका ने 28 जनवरी को आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को योजना में शामिल करने के लिए सर्वे दल का गठन किया था। इस आदेश के तहत शहर के सभी 24 वार्ड में सर्वे किया जाना था। दल गठन के पांच माह बाद भी सर्वे प्रारंभ नहीं किया गया है।



### कुछ काम बचा

सीएमओ राजेश तिवारी ने बताया कि सर्वे टीम गठित हुई थी।कुछ क्षेत्र का सर्वे भी हुआ है, किन्तु अभी कार्य कुछ बचा है।

### हितग्राही परेशान और लाभ से वंचित

पार्षदों ने बताया कि अब तक सर्वे, उसकी प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक नहीं किया गया है जिसके चलते गरीब और जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित हैं। पार्षदों का कहना है कि जब तक धरातल पर काम शुरू नहीं होगा, तब तक हितग्राहियों का चिन्हांकन संभव नहीं है और योजना का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पार्षद के. विनायक राव और जयकिशोर अम्बादे ने एसडीएम से सभी वार्डों में सर्वे प्रारंभ करने, सर्वे की तिथि और समय सार्वजनिक करने, अब तक सर्वे नहीं करने के कारणों की जांच कर जवाबदेही तय करने की मांग की है।

# जिला स्तरीय कबीर साहेब प्रगट महोत्सव 28 को

**राजनांदगांव।** कबीर आश्रम मोहारा राजनांदगांव में 31 मई को जिला स्तरीय कबीरपंथ अनुयायी के सदस्यगण और संत महंतों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला स्तरीय कबीर साहेब की प्रगट दिवस मनाने हेतु चर्चा की गई। बैठक के आरंभ में कबीर साहेब की आरती की गई।

ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले में जिला स्तरीय सद्गुरु कबीर साहेब प्रगट उत्सव 28 जून 2026 को सर्व महंत साहेबो के सानिध्य में होना है। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते बताया गया कि कबीर प्रगट दिवस के दिन प्रारंभ में कबीर चौक जीई रोड राजनांदगांव (अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के पास) विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा स्वीकृत राशि से कबीर प्रवेश द्वार का महापौर मधुसूदन यादव द्वारा भूमिपूजन किया जाएगा। तत्पश्चात अनुयायी और संत महंतो द्वारा शोभायात्रा व बाइक रैली निकाली जाएगी, जो भजन-कीर्तन करते शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर नंदई चौक में समापन किया जाएगा। सद्गुरु कबीर साहेब प्रगट उत्सव की आगामी तैयारी के लिए 7 जून को सुबह 10 बजे कबीर कुटी शंकरपुर वार्ड नं. 9 राजनांदगांव में बैठक रखी गई है। उक्त जानकारी राजेश दास मानिकपुरी ने दी।

# कांजी हाउस गायब, कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग पर अंकुश नहीं

- राजस्व विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राजस्व निरीक्षक, पटवारियों और जमीन दलालो के गठजोड़ से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और बिना डायवर्सन के कृषि भूमि पर निर्माण जारी है। स्टेट हाइवे के दोनों किनारों की कृषि भूमि न सिर्फ कई टुकड़ों में बिक गई है बल्कि बिना डायवर्सन के निर्माण भी लगातार जारी है।

आरी के आदिवासी मोहल्ले के सामने से लेकर सुखरी नाला तक कई एकड़ जमीन को टुकड़ों में बेचा जा चुका है वहीं अब लोगों ने बिना डायवर्सन के निर्माण कराना शुरू कर दिया है। हैरानी वाली बात यह है कि सड़क के सेंटर से दोनों ओर 25 फुट के दायरे में निर्माण पर रोक की भी अनदेखी किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा निकाय क्षेत्र में सरकारी जमीन को राजस्व अमले की मिलीभगत से अतिक्रमण के बाद बेचने का गोरखधंधा चल रहा है। शहर का कांजी हाउस सहित अन्य सार्वजनिक महत्व की जमीन गायब हो चुकी है।

वहीं कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग और निर्माण लगातार जारी है। राजस्व अमला जहां बेजा कार्यों को बढ़ावा दे रहा है वहीं निकाय का अमला उगाही करने में जुटा है।



---

## भूमि हस्तांतरण दस्तावेज ने इस प्रकरण को नए मोड़ पर खड़ा किया

# पांच दशक से सरकारी जमीनों की रजिस्ट्री फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के बहुचर्चित नजूल भूमि और एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क प्रकरण में अब एक के बाद एक सामने आ रहे दस्तावेज पूरे मामले को और अधिक गंभीर बना दिया हैं। पहले अवैध प्लाटिंग, फिर 22 हिस्सों में भूमि विभाजन, उसके बाद नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा स्वीकृति नहीं दिए जाने का उल्लेख और अब वर्ष 1974 के भूमि हस्तांतरण दस्तावेज ने इस प्रकरण को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया।

इस स्थिति में मामला अब केवल 22 प्लॉट या 85 हजार वर्गफीट भूमि की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं है। अब चर्चा इस बात की हो रही है कि जिस भूमि को विभिन्न अभिलेखों में एडवर्ड पार्क, बाड़ी एडवर्ड पार्क, छोटे झाड़ का जंगल, घास भूमि और सार्वजनिक उपयोग की श्रेणी में दर्ज बताया गया है। वह निजी स्वामित्व के दावे और बाद की रजिस्ट्रियों तक कैसे पहुंची।

### खुलासा करने वाला पहुंचा एसपी पास लगाई सुरक्षा की गुहार

मामले को खुलासा करने वाले छग शासन से अधिमान्य पत्रकार ने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है उन्होंने लिखा है कि मामले का खुलासा करने के बाद से संबंधितों में हड़कंप मचा हुआ है और वो किसी ना किसी माध्यम से अपहरण करने या गोली मारने की चर्चा कर रहे है। पत्रकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी से सुरक्षा संबंधी आवेदन दिया है।

### घास भूमि का रिकॉर्ड आज भी कायम

राजस्व अभिलेखों के दस्तावेजों में जिन खसरों का उल्लेख सामने आया है, उनमें खसरा नंबर 167, 169 170 सड़क, रास्ता, घास व छोटे झाड़ का जंगल दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। वहीं दूसरी ओर मेंटेनेंस खसरा में प्लॉट 114 को एडवर्ड पार्क और 115 को बाड़ी एडवर्ड पार्क के रूप में दर्ज बताया गया है। जिसमे सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भूमि उपयोग परिवर्तन (लैंड यूज चेंज) का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यही कारण है कि पूरे मामले में रिकॉर्डों के बीच विरोधाभास चर्चा का विषय बन गया है।

### 1974 के दस्तावेज ने बढ़ाई दिलचस्पी

रजिस्ट्री दस्तावेज अनुसार वर्ष 1974 में प्लॉट क्रमांक 114 और 115 जो दस्तावेज में क्रमशः एडवर्ड पार्क और बाड़ी एडवर्ड पार्क के रूप में दर्ज हैं, अवयस्क स्मृति सिंह के नाम हस्तांतरित किया गया है। दस्तावेज में विक्रेता के रूप में तत्कालीन राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह का नाम है, जबकि हस्ताक्षर आम मुख्तियार के रूप में रविंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया हैं। विक्रय मूल्य मात्र 3 हजार रुपए और क्रेता पक्ष में अवयस्क स्मृति सिंह की ओर से माता व संरक्षिका रश्मि देवी सिंह का उल्लेख किया गया है।

### 85 हजार वर्गफीट भूमि, अनुमानित मूल्य 40 करोड़ से अधिक

संयुक्त जांच प्रतिवेदन में लगभग 85,627 वर्गफीट भूमि विभिन्न लोगों को विक्रय किए जाने का उल्लेख है। वर्तमान बाजार दरों के आधार पर यदि इस भूमि का मूल्यांकन किया जाए तो इसकी कीमत 40 करोड़ रुपए से अधिक बैठती है। यही कारण है कि अब यह मामला केवल एक प्लॉटिंग विवाद नहीं, बल्कि शहर की सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक और शासकीय प्रकृति की भूमि से जुड़े बड़े प्रकरण के रूप में देखा जा रहा है। मामले में एक ओर भूमि के वैध हस्तांतरण और स्वामित्व का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक जांच प्रतिवेदन, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के पत्र और राजस्व अभिलेख अलग तस्वीर प्रस्तुत कर रहा हैं।

### विधानसभा पहुंचा था मामला

यह विवाद नया नहीं है। 28 दिसंबर 2020 को खैरागढ़ के तत्कालीन विधायक एवं राजपरिवार के सदस्य स्वर्गीय देवव्रत सिंह ने विधानसभा में नगर क्षेत्र में चल रही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया था। इसके बाद प्रशासनिक जांच हुई और शहर मे खम्हरिया खुर्द, गायत्री नगर, अमलीडीह खुर्द, पिपरिया, सोनसरार, टिकरापारा वार्ड में कई भूखंडों को अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में चिन्हित कर कुछ खसरा नंबरो में रजिस्ट्रियों पर रोक लगाने की कार्रवाई भी हुई।

### दस्तावेज उपलब्ध

हमारे पास वर्ष 1974 की विधिवत पंजीकृत रजिस्ट्री, सीमांकन प्रतिवेदन, राजस्व अभिलेख सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं। जमीन पत्नी स्मृति भार्गव के नाम पर दर्ज है और समय-समय पर सीमांकन भी किया गया है। यदि कोई जानकारी मांगी जाती है तो हम सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं। बिना पूरे तथ्य और दस्तावेजों की जांच किए किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

- **रजत भार्गव,** भूमि स्वामी पक्षकार व स्मृति भार्गव के पति

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को मिल रही राहत

**छुईखदान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान स्वास्थ्य सुविधाओं मुहैया कराने की दिशा में नए आयाम स्थापित कर रहा है। विकासखंड मुख्यालय के अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हैं।

मानव सेवा के लिए प्रतिबद्ध यह अस्पताल मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नए भवन में स्थानांतरित होने के बाद यहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ हुई हैं। अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था की चर्चा पूरे क्षेत्र में होती है। यहां प्रसूति सेवाओं, ऑपरेशन, आपातकालीन उपचार सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता से कर रहे हैं। नए ब्लड बैंक की स्थापना के लिए भवन तैयार हो चुका है। आवश्यक उपकरण एवं सेटअप उपलब्ध होने के बाद ब्लड बैंक का संचालन शुरू हो जाएगा। वर्तमान में राजनांदगांव ब्लड बैंक के सहयोग से मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रबंधन के अनुसार एक साल में 372 मरीजों को 468 यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया।

अप्रैल से अब तक 68 मरीजों को 98 यूनिट ब्लड प्रदान किया जा चुका है, जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों का समय पर उपचार हो सका। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई व्यवस्था और इमरजेंसी सेवाएं बड़े शहरों के अस्पतालों की तर्ज पर संचालित की जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि अस्पताल की इमरजेंसी सेवाएं और स्वच्छता व्यवस्था क्षेत्र के लिए उदाहरण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि जीवन दीप समिति भी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने और सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार निगरानी एवं सहयोग प्रदान कर रही है।

# जिले में खरीफ सीजन की खेती-किसानी के लिए तैयारी जोरों पर, खाद की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में खरीफ सीजन में खेती-किसानी के लिए तैयारी जोरों पर है और किसानों में उत्साह है। किसान सहकारी समितियों में जाकर खाद एवं बीज की खरीदी कर रहे हैं।

ग्राम फरहद के किसान घनश्याम पटेल ने बताया कि उनके पास 1 एकड़ जमीन है और आज वे ढाबा सोसायटी से खाद एवं राखड़ लेकर जा रहे हैं। वे महामाया धान की फसल लेंगे। उन्होंने बताया कि 30 से 35 कट्टा धान का उत्पादन हो जाता है, जिसे वे कृषक उन्नति योजना के तहत बिक्री करेंगे। ग्राम सिंगदई की ललिता साहू ने बताया कि उनके पास साढ़े 4 एकड़ कृषि भूमि है। वह ढाबा सोयायटी खाद लेने पहुंची थी।

उन्होंने सोसायटी से 5 बोरी यूरिया, 5 बोरी पोटाश एवं 5 बोरा डीएपी क्रय किया। उन्होंने कहा कि सोसायटी से समय पर खाद मिलने से खेती-किसानी का कार्य समय पर प्रारंभ हो सकेगा। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत धान की बिक्री से बहुत लाभ मिल रहा है। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध, सहकारी समितियों में किसान खरीद रहे धाद व बीज

### नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ सीजन में खेती-किसानी को ध्यान में रखते किसानों को समय पर खाद-बीज का वितरण कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। इस वर्ष खरीफ में धान सहित दलहन-तिलहन फसलों में परंपरागत खाद के साथ वैकल्पिक खाद एवं नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।



### जरूरत के हिसाब से मिल रही खाद

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंगदई के किसान कमल नारायण साहू ढाबा सोसायटी में खाद लेने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके पास 2 एकड़ 35 डिसमिल जमीन है। यहां 3 बोरी यूरिया, 3 बोरी डीएपी, 3 बोरा पोटाश खाद की खरीदी की है। उन्होंने कहा कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसान कमल नारायण साहू ने बताया कि आज जरूरत के हिसाब से खाद मिल गया है।

## सार समाचार

### सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को बिदाई

**राजनांदगांव।** पुलिस परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं पुलिस कार्यालय के मुख्य लिपिक निरीक्षक (अ) दरवेस कामडे तथा प्रधान आरक्षक रामदयाल सेन के सेवानिवृत्त होने पर 3.जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा द्वारा दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर उनके उत्कृष्ट सेवा काल की सराहना की गई तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारीगण ने अपने कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समर्पित कार्यों से विभाग को गौरवान्वित किया है। उनकी सेवाएं राजनांदगांव पुलिस परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की।

### पूर्णिमा ने जैन से की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजगामी संपदा ट्रस्ट की अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के पश्चात पूर्णिमा साहू अनिता मानिकपुरी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता एवं श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन से मिलने उनके निवास स्थान पहुंची। इस अवसर पर पूर्व पार्षद नमिताभ जैन एवं उनके परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू ने डॉ. जैन से आशीर्वाद लिया। पूर्णिमा ने कहा कि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा उन्हें राजगामी संपदा के अध्यक्ष अध्यक्ष तथा मनोज निर्वाणी को उपाध्यक्ष नियुक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने कहा कि पूर्णिमा साहू को समाजसेवा के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में राजगामी सम्पदा का सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

### कलेक्टर से की तत्काल हटाते कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस केपूर्व महामंत्री व पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने नगर निगम द्वारा गंदे पानी से राजीव नगर क्षेत्र के 10 बच्चों के डायरिया की चपेट के मामले में जल विभाग के प्रणय मेश्राम को तत्काल हटाते कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की। श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर से मांग की है कि जिस तरह नगर निगम में नगर निगम आयुक्त से लेकर संबंधित जल विभाग के प्रभारी अधिकारी आदि की लापरवाही पूर्व में भी कई वार्डों में उजागर हो चुकी है और उन मामलों को महापौर द्वारा उस क्षेत्र में दौरा कर मामले को दबा दिया गया और जिस तरह मध्यप्रदेश में गंदे पानी से मौत के मामले में दिल्ली तक आवाज गूंज चुकी थी, उसके बावजूद जल विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रणय मेश्राम आदि विभागीय अधिकारियों को आम जनता की सेहत से कोई मतलब नहीं है?

### खुमानलाल पर केंद्रित पुस्तक की समीक्षा

**राजनांदगांव।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्राम सुंदरा में संगीत के पुरोधा खुमानलाल साव पर केंद्रित वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू द्वारा संपादित पुस्तक स्मृतियों के सुवासित पुष्प पर साहित्यकारों द्वारा समीक्षात्मक बौद्धिक परिचर्चा कर्मा सामुदायिक भवन सुंदरा में संपन्न हुई। लोक कलाकार भोलाराम साहू एवं युवा कवि रूपल साहू के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में वैचारिक सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. बलदाऊराम साहू एवं अध्यक्षता शिवबालक दास साहू ने की। विशिष्ट अतिथि अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, हिपेंद्र कुमार साहू, प्रभात तिवारी, महेंद्र बघेल, अरविंद कुमार लाल, अलखराम यादव, हर्षा देवांगन उपस्थित थे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बलदेवराम साहू ने कहा कि खुमानलाल साव की संगीत साधना में शास्त्रीय पक्ष भी बेहद मजबूत रहा। अध्यक्षता करते शिवबालक दास साहू ने कहा कि संगीत के प्रति उनका समर्पण और अनुशासन ने खुमान को छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की दुनिया में अमर कर दिया। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने स्वागत भाषण दिया। युवा कवि रुपल साहू ने कहा कि लोक संगीत के पुरोधा खुमान ने नई पीढ़ी को लगातार अपने साथ जोड़कर उन कलाकारों को आगे बढ़ने अवसर प्रदान किया। इस दौरान अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा व महेंद्र कुमार बघेल ने अपने विचार रखे।

## उन्नयन, लोकार्पण व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का भूमिपूजन

# बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रहें अग्रणी : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बुधवार को 6 करोड़ 42 लाख 70 हजार रुपए की लागत से जिला चिकित्सालय के प्लिंथ अपग्रेडेशन एवं उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का शिलान्यास किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने 3 करोड़ 56 लाख 70 हजार रुपए की लागत से निर्मित जिला चिकित्सालय भवन के ऊंचाई विस्तार कार्य का लोकार्पण किया गया है तथा 2 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मजबूत अधोसंरचना है। राजनांदगांव जिला चिकित्सालय एवं शासकीय मेडिकल कालेज से स्वास्थ्य सेवाएं लेने वाले मरीजों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए सक्रियता एवं सजगता से कार्य किया जा रहा है। यह टीम के लिए उपलब्धि है।

शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर सबसे बड़ी चुनौती है। जिसके खिलाफ राजनांदगांव जिले में लड़ाई लड़ी जा रही है। जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। मातृ मृत्यु दर के आंकड़े राज्य के औसत से कम है, यह एक सुखद संकेत है। जिला चिकित्सालय को और भी स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, समाजसेवी गौतम पारख, जीवनदीप समिति से गुरमुख दास, राजेश श्यामकर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या नागरिक उपस्थित थे।



### अस्पताल का नया स्वरूप : सांसद

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि जिला चिकित्सालय का आज एक नया स्वरूप देख रहे हैं और आज यह नए कलेवर के साथ जिलेवासियों को मिला है। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर एवं नर्स तत्परता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। यहां जिला चिकित्सालय में ऊंचाई विस्तार एवं उन्नयन की आवश्यकता थी। जिसकी पूर्ति की गई है।

### मातृ मृत्यु दर में कमी

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला चिकित्सालय की टीम का यह दायित्व है कि समय पर मेहनत करते हुए सही दिशा एवं आयामों में कार्य करें। जिला पंचायत सीइओ सुरूचि सिंह ने जिला चिकित्सालय के प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि जिले में हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। मातृ मृत्यु दर में कमी आई है।

### छत की होगी मरम्मत

उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में छत की मरम्मत कराने, लिफ्ट का सुधार कार्य कराने, डीएमएफ मद से 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ, डेंटल एक्स-रे मशीन, सेपरेटर मशीन की व्यवस्था की जाएगी। राज्य के बजट से यहां की अन्य दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान से डॉ. आकांक्षा सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्वजन हिताय शिक्षा फाउंडेशन संस्थान द्वारा श्रीगुरूवे नमः सम्मान समारोह का आयोजन गत दिनों विमतारा भवन रायपुर में आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा व्याख्यता हायर सेकंडरी स्कूल तिलई राजनांदगांव को शिक्षा में नवाचार एवं उत्कृष्ट संस्कृत शिक्षण हेतु सम्मानित किया गया। विलुप्त प्राय संस्कृत विषय को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

डॉ. विश्वकर्मा अनेक वर्षों से बच्चों को निःशुल्क संस्कृत विषय के गीत, नृत्य, खेलकूद, नई तकनीकी एवं मंडल के माध्यम से रोचक बनाकर सीखा रही है। संस्कृत व्याकरण एवं श्लोकों का गायन सहज एवं सरल तरीके से बच्चों को सफलतापूर्वक सीखा रही है। साथ ही संस्कृत सम्भाषण कला में बच्चों को प्रवीन करा रही है। डॉ. विश्वकर्मा संस्कृत विषय के साथ ही कत्थक नृत्य में पीएचडी है। जिसका लाभ बच्चों को निःशुल्क मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. विश्वकर्मा संस्कृत भारती राजनांदगांव की विभाग संयोजिका है।

## ईंट व रेत का अवैध परिवहन एक माजदा व 3 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम चांदो, बंशीबंजारी, खुज्जी, कुमरदा, साल्हे, छुरिया, बाबूटोला, चिचोला, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान अवैध रूप में ईट एवं रेत का परिवहन करने पर 1 माजदा एवं 3 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इसके तहत ग्राम टप्पा में मडियान निवासी घनश्याम वर्मा के स्वामित्व के माजदा सीजी-08-एल-3103 वाहन से वाहन चालक देवीलाल द्वारा ईंट का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ग्राम बाबूटोला में ग्राम बाबूटोला निवासी ट्रैक्टर सोल्ड सोनालिका के मालिक व वाहन चालक टेकराम पाल, टैक्टर सीजी-एआर-6853 के मालिक व वाहन चालक मनीष कुमार पाल द्वारा एवं ट्रैक्टर सोल्ड स्वराज के मालिक व वाहन चालक रितेष सिन्हा द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना चिचोला को सुपुर्द किया गया।

प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

## किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

# सुशासन तिहार पर धरने पर बैठी विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवकट्टा में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुई।



इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मनाया जा रहा सुशासन तिहार केवल प्रचार का माध्यम बनकर रह गया है। जबकि जमीनी स्तर पर ग्रामीणों और किसानों को आज भी अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ कागजों तक सीमित है और आम जनता तक उनका वास्तविक फायदा नहीं पहुंच पा रहा है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के किसान आज भी खाद, बीज और सिंचाई की समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क, नाली और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में जिन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन दिए थे, उन्हीं समस्याओं के निराकरण के लिए आज भी उन्हें बार-बार आवेदन देना पड़ रहा है। इस दौरान नवाज खान, पंचराम चंदेल, सुरेश सिंह, डीके वर्मा, हरक पटेल, लाल वर्मा, छन्नू वर्मा, रामेश्वर कंवर, दयाल साहू, विश्राम वर्मा, दीपेन टांडेकर, ईश्वर, संजय, वीके रामगोपाल पटेल, हरपाल सतानंद कंवर, प्रीतम राजेंद्र वर्मा, नितु लओकर, इंद्रपाल राजा, नलिनी मेश्राम, किरण मेश्राम व पायल समेत अन्य लोग शामिल थे।

### कार्यक्रम की नहीं दी सूचना

विधायक हर्षिता ने आरोप लगाया कि सुशासन तिहार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक की उपेक्षा की गई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की पूर्व सूचना या औपचारिक आमंत्रण नहीं दिया गया और प्रदर्शन शुरू होने से मात्र एक घंटे पहले फोन के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों की अनदेखी बताते प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

### आए दिन ब्लैकआउट के हालात

प्रदर्शन के दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल और ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए, सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाए, अधूरी सड़कों एवं नालियों का निर्माण, पात्र हितग्राहियों को आवास योजनाओं का लाभ, लंबित आवेदनों एवं शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने की मांग शामिल है।



### बरसात से पहले नगर पालिका ने कसी कमर, सफाई अभियान जारी

# नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में बरसात पूर्व नाला-नालियों की साफ-सफाई किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोकने के लिए पूर्व तैयारी के रूप में नाला-नालियों की सफाई कार्य कराया जाता है इस वर्ष भी शहर के सभी प्रमुख नालों, नालियों की सफाई का कार्य समयबद्ध तरीके से कराया जा रहा है।

सफाई के दौरान निकाले जा रहे कचरे को तत्काल उठाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। ताकि लोगों को समस्याओं का सामना करना ना पड़े। बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के नालों के माध्यम से बाहर निकल सके तथा सड़कों, गलियों एवं अन्य रिहायशी क्षेत्रों में बरसात के पानी का भराव न हो। इसके लिए सफाई कार्यों की नियमित निगरानी भी की जा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सफाई अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन वार्ड एवं शहर के प्रमुख मार्गो के नालियों की सफाई करें ताकि लोगों को बरसात के समय बरसाती पानी से परेशानियों का सामना करना ना पड़ें। साफ-सफाई में लापरवाही किसी तरह से ना करे। वार्ड के नागरिकों, शहर के प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई के दौरान लोगों से चर्चा कर सहयोग लें। ताकि सफाई कार्य सुनियोजित ढंग से हो सके। साफ-सफाई के दौरान नालियों के ऊपर बने चबुतरा को हटाया जाकर सफाई करें। नालियों के ऊपर स्लैब को हटाये जाने हेतु निर्देशित किया एवं नाली के ऊपर चबुतरा निर्माण किये जाने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने भी निर्देशित किया।

**नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने की अपील**



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाए रखने मे लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य सामग्री सड़क पर नहीं फेंकने का निवेदन किया। नगर पालिका परिषद कवर्धा शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा वर्षाऋतु के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार कार्य कर रही है।

# श्री राम नाम संकीर्तन, श्री हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन आयोजित



■ साप्ताहिक धार्मिक प्रकल्प, हिंदू राष्ट्र अभियान की दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आदित्य वाहिनी इकाई पिपरिया के तत्वाधान में नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रमांक 06 स्थित पूर्णेन्द्र शर्मा के निज निवास में श्री राम नाम संकीर्तन, श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्री राम एवं हनुमानजी के जयकारों के साथ भक्ति भाव का परिचय दिया।

कार्यक्रम का आयोजन जगद्गुरु पुरीपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा संचालित हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत संचालित साप्ताहिक प्रकल्प के रूप में किया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में धर्म, संस्कृति और संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज को सनातन मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नंदकुमार शर्मा, आशुतोष शर्मा, पूर्णेन्द्र शर्मा एवं शुभांक शर्मा ने गौ-संरक्षण, भारतीय संस्कृति के संवर्धन तथा हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर अपने विचार रखे।

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान और सामाजिक समरसता के लिए सनातन परंपराओं एवं मानबिंदुओं से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ एवं राम नाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में अभिजीत केशरवानी, सीआर साहू, देवेन्द्र शर्मा, आलोक, लोमश, जितेंद्र, कैलाश, पंकज, सत्यनारायण, नूतन, कार्तिक, सनत, संदीप दानी, चित्रबाहू देवांगन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थें। आयोजकों ने आगामी सप्ताहों में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

### शॉर्ट सर्किट से पैरावट में लगी भीषण आग, पैरावट जलकर खाक

**कवर्धा।** नपं इंदौरी के वार्ड क्रमांक-2 में मंगलवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। प्रकाश चंद्रवंशी के घर के सामने रखे पैरावट में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरे पैरावट को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सूखे पैरे में आग तेजी से फैलने के कारण उसे नियंत्रित नहीं किया जा सका। वहीं पैरावट जलकर खाक हो गई, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

**खबर संक्षेप**

### कृषक उन्नति योजना से खेती को मिली नई रफ्तार

**कवर्धा।** राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित कृषक उन्नति योजना कई किसानों के लिए बदलाव का माध्यम बन रही है। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम ज्ञानपुर के किसान धर्मेंद्र चंद्राकर ने योजना से प्राप्त एकमुश्त राशि का लाभ लेकर नया ट्रैक्टर खरीदा है, जिससे उनकी खेती अब अधिक आधुनिक और सुविधाजनक हो गई है। किसान धर्मेंद्र चंद्राकर के पास लगभग 8 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। पिछले खरीफ सीजन में उन्होंने 147 क्विंटल धान का विक्रय किया। धान बेचने के बाद उन्हें समर्थन मूल्य की राशि सीधे उनके खाते में प्राप्त हुई। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की एकमुश्त राशि 1 लाख 8 हजार रुपए भी मिली। धर्मेंद्र बताते हैं कि पहले खेती में लागत अधिक और संसाधन सीमित होने के कारण कई योजनाएं केवल सोच तक सीमित रह जाती थीं। लेकिन कृषक उन्नति योजना से मिली अतिरिक्त आर्थिक सहयोग ने किसानों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

# गन्ने की फसल देखकर खिले किसानों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, भगतपुर और मोहगांव क्षेत्र में इन दिनों खेतों में गन्ने की लहलहाती फसल किसानों के चेहरे पर खुशी ला रही है। किसानों का कहना है कि गन्ने की खेती आसान नहीं है।

गर्मी के चार महीनों में फसल को बचाने के लिए लगातार सिंचाई, खाद और कीट नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना पड़ता है। किसानों ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान गन्ने को पर्याप्त पानी देना पड़ता है, साथ ही समय-समय पर खाद एवं दवाइयों का उपयोग करना आवश्यक होता है। कड़ी मेहनत और देखभाल के बाद पौधे मजबूत होते हैं और अच्छी बढ़वार प्राप्त करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान गन्ने की खेती को प्राथमिकता दे रहे हैं।

किसानों के अनुसार यदि शुरुआती चार माह की कठिन अवधि में फसल सुरक्षित रह जाए तो अच्छी पैदावार की संभावना बढ़ जाती है। वर्तमान में खेतों में गन्ने की फसल लहलहा रही है, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन और आय की उम्मीद है। किसानों का मानना है कि मेहनत और उचित प्रबंधन से प्रति एकड़ लगभग एक लाख रुपए तक की आय प्राप्त की जा सकती है। यही वजह है कि क्षेत्र में गन्ने की खेती किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।

# एक लाइनमैन के भरोसे 86 सौ उपभोक्ता 48 गांवों में बिजली सप्लाई व्यवस्था चरमराई

### स्टाफ की कमी से किसान व ग्रामीण परेशान, लोगों में विभाग के प्रति बढ़ती जा रही नाराजगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के मरका वितरण केंद्र में कर्मचारियों की भारी कमी के कारण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। स्थिति यह है कि 48 गांवों और करीब 8600 बिजली उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी केवल एक लाइनमैन के भरोसे चल रही है। इससे बिजली संबंधी शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है और किसानों सहित आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि ट्रांसफार्मर जलने, बिजली तार टूटने, डीपी खराब होने, आंधी-तूफान में पोल क्षतिग्रस्त होने जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रहती हैं। स्टाफ की कमी के कारण इन शिकायतों का समाधान कई दिनों तक नहीं हो पाता। कई बार गांवों में एक सप्ताह तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित होता है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार कई गांवों में 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली बंद रहने की स्थिति बन जाती है। इससे न केवल खेती-किसानी प्रभावित होती है, बल्कि घरेलू उपभोक्ताओं को भी अंधेरे में रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। बिजली समस्या की शिकायत लेकर जब किसान और उपभोक्ता विभागीय कार्यालय पहुंचते हैं तो उन्हें अक्सर एक ही जवाब मिलता है कि पूरे क्षेत्र में केवल एक लाइनमैन कार्यरत है और वह हर जगह एक साथ नहीं पहुंच सकता। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

#### अब तक कोई ठोस पहल नहीं

भारतीय किसान संघ ने भी इस गंभीर समस्या को लेकर चिंता जताई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्षेत्रीय विधायक, सांसद और संबंधित अधिकारियों की ओर से भी समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए हैं। पर्याप्त तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है और इसका सबसे अधिक नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिलने से फसलों की उत्पादकता पर भी असर पड़ रहा है।

#### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर मरका वितरण केंद्र में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई और बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संघ ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और बिजली विभाग की होगी। क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों ने भी शासन से जल्द से जल्द अतिरिक्त लाइनमैन और तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति कर बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है।

### सुशासन तिहार के आवेदनों का जल्द से जल्द करें निराकरण

# प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के प्रभारी सचिव डॉ एस भारतीदासन ने कवर्धा जिला मुख्यालय में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट में ली। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण, जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल, स्कूलों में रिजल्ट में सुधार, पेयजल आपूर्ति के लिए पंचायत और पीएचई विभाग के बीच समन्वय को बढ़ावा के साथ आवास निर्माण विशेष रूप से शहरी आवास निर्माण में प्रगति लाने पर विशेष रूप से जोर दिया। बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, डीएफओ निखिल अग्रवाल और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल उपस्थित थें। प्रभारी सचिव डॉ.भारतीदासन ने जिले में आयोजित सुशासन तिहार और प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन शिविर में प्राप्त हो रहे हैं उन्हें यथाशीघ्र निराकृत करते जाएं।

उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण हो चुके ओवरहेड टैंक, चालू नल कनेक्शन के साथ सिंगल विलेज और मल्टी विलेज स्कीम के क्रियान्वयन की समीक्षा की और जिले में क्रियाशील हैंडपंपों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंचायत और पीएचई विभाग आपसी समन्वय से काम करें तथा इन योजनाओं से कितने मकान कवर हो रहे उसकी मैपिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने अपूर्ण प्रोजेक्ट्स को जल्द पूरा करने के लिए कहा।

बैठक में उन्होंने नगरीय निकाय में स्वीकृत आवास का निर्माण अप्रारंभ और धीमा होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि तत्काल सभी आवास पूरे किये जाएं। इसके साथ ही पीएम आवास ग्रामीण और जनमन के आवासों की भी समीक्षा करते हुए स्वीकृत आवासों को जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में प्रभारी सचिव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लंबित कार्यों की पूर्णता के बारे में विस्तार से जानकारी ली और निर्माण एजेंसीज के सड़क और भवन निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट्स की प्रगति के संबंध में भी अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें पूरी तेजी से आगे बढ़ाएं।

प्रभारी सचिव डॉ भारतीदासन ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के समय से निराकरण पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान भारत और वय वंदन योजना कार्ड की लक्ष्य पूर्ति, टीकाकरण के बारे में जानकारी ली और जल्द लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही उज्जवल योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, महतारी वंदन ई केवायसी, राशन वितरण, तेंदूपत्ता खरीदी सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### परीक्षा परिणाम बेहतर करने उठाएं ठोस कदम

प्रभारी सचिव ने स्कूलों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे स्कूल जिनका परिणाम जिले के औसत रिजल्ट से कम हैं उनकी लिस्टिंग कर संबंधितों से खराब परिणाम के लिए जवाब लिये जायें। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि स्कूल का रिजल्ट अच्छा हो। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्कूलों में रिजल्ट बेहतर करने के लिए पूरी गंभीरता से प्रयास करते हुए ठोस कदम उठाए जाएं।

# पीएम गतिशक्ति पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्योग विभाग रायपुर से पहुंचे विशेषज्ञ अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पीएम गतिशक्ति पोर्टल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और इसके व्यावहारिक लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसका मुख्य उद्देश्य देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना और परिवहन के विभिन्न साधनों-सड़क, रेल, हवाई मार्ग और जलमार्ग को आपस में जोड़कर बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाना है।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थें। कार्यशाला में उद्योग विभाग रायपुर की सहायक संचालक सुश्री कुमुद मिश्रा व वरिष्ठ सलाहकार जीआईएस सुश्री प्रिया ने बताया कि पीएम गतिशक्ति पोर्टल केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं को एकीकृत मंच पर लाकर योजनाओं के बेहतर समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से सड़क, रेल, जल, ऊर्जा, दूरसंचार, औद्योगिक विकास सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो जाती है।

### बीए प्रथम सेमेस्टर का परिणाम 54.33 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 54.33 प्रतिशत रहा, जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर का परिणाम 69.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थी अपने अंक एवं विस्तृत परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों में उत्साह है और वे अपने आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारी में जुट गए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विश्व साइकिल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा में बुधवार 3 जून 2026 को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सतत जीवन शैली के लिए साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएस परिहार ने साइकिल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को प्राथमिकता देंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से बचाव के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में चैबीस घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। तैनात कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति में नोडल अधिकारी बाढ़ एवं आपदा नियत्रंण, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन को तत्काल सूचित करेंगे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जारी की पात्रता सूची

**कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 14 अगस्त को जारी विज्ञापन अनुसार 14 प्रकार के 18 पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र-अपात्र की सूची जारी कर दावा/आपत्ति मंगाया गया था। जिसमें पद क्र. 8 एवं 11 को छोड़कर समस्त पदों का दावा/आपत्ति के लिए प्राप्त आवेदनो का निराकरण कर, जिला चयन समिति के निर्देशानुसार दावा/आपत्ति निराकरण सूची एवं अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया है।

# उपचुनाव में ईवीएम नंबरों की विसंगति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

■ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष उपचुनाव के संबंध में कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा उपलब्ध कराए गए ईवीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट एवं बैलट यूनिट के नंबरों तथा पीठासीन अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए प्रारूप क्रमांक 18(क) में दर्ज कंट्रोल यूनिट एवं बैलट यूनिट के नंबरों में विसंगति पाए जाने के विषय पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा बुधवार को शहर कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि ईवीएम मशीनों के नंबरों में पाई गई विसंगति चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संभावित हार को देखते हुए ईवीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट एवं बैलट यूनिट के नंबरों में हेरफेर कर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।

श्री जायसवाल ने कहा कि मात्र एक नगर पंचायत अध्यक्ष उपचुनाव के लिए प्रदेश सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री, दो कैबिनेट मंत्री तथा दस से अधिक विधायकों को चुनाव प्रचार में उतरना पड़ा। इससे स्पष्ट है कि भाजपा अपनी संभावित हार से चिंतित है। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्री विजय शर्मा अपनी राजनीतिक साख बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष उपचुनाव को निरस्त कर पुनः बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराया जाए।




### कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक महौलः मनीष शर्मा

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है और जनता के बीच कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संभावित हार से घबराकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। प्रेसवार्ता में कांग्रेस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, प्रदेश सचिव वीरेन्द्र सिंह जांगड़े, महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, अजा अध्यक्ष राजेंद्र मार्कण्डेय, सेवा दल अध्यक्ष पदुम सेन, आकाश केशरवानी, मेहुल सत्यवंशी आशीष साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा हार के डर से ईवीएम में कर रही छेड़छाड़ः रोशन

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी रोशन वैष्णव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पहले नाम वापसी के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लोहारा की देवतुल्य जनता ने कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद एवं समर्थन दिया है। भाजपा अपनी हार को देखते हुए अब ईवीएम मशीनों के नंबरों में हेरफेर कर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।

**मतगणना:** नपं स.लोहारा उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर

# उपचुनावः आज खुलेगा प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा, धड़कनें तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए 1 जून को संपन्न हुए मतदान के बाद अब 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म हो गया है। मतगणना से पहले सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना की सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं और परिणामों को लेकर क्षेत्रभर में उत्सुकता का माहौल बना हुआ है।

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा अध्यक्ष पद का यह उपचुनाव सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। यही कारण है कि चुनाव के दौरान दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। चुनावी मुकाबला केवल प्रत्याशियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आम जनता के बीच भी यह चर्चा और दिलचस्पी का प्रमुख विषय बना हुआ है।

भाजपा ने अपनी अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा की जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर चुनाव प्रचार किया। पार्टी ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया और मतदाताओं तक पहुंचने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया। इस चुनाव को भाजपा ने कितनी गंभीरता से लिया, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव, क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय सहित कई विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता चुनाव प्रचार के लिए सहसपुर लोहारा पहुंचे थे। सभी नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभाएं और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं से समर्थन मांगा।

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशी रोशन वैष्णव के पक्ष में पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया। पार्टी को उम्मीद है कि स्थानीय मुद्दों और जनता के समर्थन के आधार पर उसे सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

इस उपचुनाव की एक विशेषता यह भी रही कि अध्यक्ष पद के लिए चार निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में उतरे, जिन्होंने चुनावी मुकाबले को और अधिक रोचक बना दिया। निर्दलीय उम्मीदवारों की सक्रियता के कारण चुनाव का समीकरण लगातार चर्चा का विषय बना रहा और प्रमुख दलों की रणनीतियों पर भी इसका प्रभाव देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें मतगणना और परिणामों पर टिकी हुई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह चुनाव परिणाम केवल नगर पंचायत के नए अध्यक्ष का चयन नहीं करेगा, बल्कि क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस की राजनीतिक पकड़ का भी महत्वपूर्ण संकेत देगा।

ऐसे में 4 जून को आने वाले नतीजों को लेकर प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों में उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है।

### मतगणना की 15 टेबल, 1 राउंड में पूरी होगी काउंटिंग




नगर पालिका उप निर्वाचन 2026 के तहत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए 01 जून को हुए मतदान के पश्चात 04 जून, गुरुवार को मतगणना होगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतगणना पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रातः 08 बजे से शुरू होगी। मतगणना के लिए 15 काउंटिंग टेबल लगाए गए हैं। मतगणना 01 राउंड में पूरी होगी। हर काउंटिंग टेबल में एक गणना पर्यवेक्षक और एक गणना सहायक की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए 15 मतगणना दल बनाए गये हैं और 6 दल रिजर्व में रखे गये हैं। मतगणना केंद्र में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार काउंटिंग से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उल्लेखनीय है कि 01 जून को उप निर्वाचन के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष पद के वोटिंग हुई, जिसमें कुल 82.40 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यहां 2066 पुरुष और 2171 महिला मतदाताओं सहित कुल 4237 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### इन प्रत्याशियों की साख दांव में

नगर पंचायत स लोहारा में अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें कांग्रेस से अधिकृत उम्मीदवार रोशन वैष्णव पंजा छाप, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा कमल छाप, इसी प्रकार अन्य उम्मीदवारसें कमल यादव गैस सिलैण्डर छाप, डाकेश्वर श्रीवास बांसुरी छाप, गुलशन कुमार गंधर्व कैटली छाप तथा महोदव कुंभकार कुकर छाप के भाग्य का फैसला आज मतगणना के बाद होगा।

# डिप्टी सीएम के प्रयासों से दिव्यांग को मिली स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों से क्षेत्र के दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

इसी कड़ी में आज विधायक कार्यालय में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा द्वारा लोहारा निवासी दिव्यांग धनीराम पटेल को पेट्रोल चलित स्कूटी प्रदान की गई। स्कूटी प्राप्त करते ही धनीराम पटेल के चेहरे पर खुशी साफ झलकने लगी। उन्होंने इस सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं श्रीमती रश्मि विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने दैनिक कार्यों और दुकानदारी के लिए आने-जाने में काफी सुविधा होगी।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्रीमती सविता ठाकुर, नरेन्द्र मानिकपुरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क के दौरान लोहारा क्षेत्र के दौरे पर थे। इसी दौरान उन्होंने दिव्यांग धनीराम पटेल से वाहन रोककर आत्मीयता से चर्चा की और उनके कार्य-व्यवसाय के बारे में जानकारी ली।

बातचीत के दौरान धनीराम ने बताया कि वह दुकानदारी का कार्य करते हैं, लेकिन बाजार से सामान लाने-ले जाने में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनकी समस्या सुनकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें पेट्रोल चलित स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

उसी के परिणामस्वरूप आज विधायक कार्यालय में उन्हंल स्कूटी प्रदान की गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# मोदी की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने बनी कार्ययोजना

## मुखर्जी बलिदान दिवस की तैयारियों पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के' अभियान, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के आयोजन तथा संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों को समाज के प्रबुद्ध वर्ग, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

कार्यशाला में प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी तथा डॉ. सियाराम साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और राष्ट्रहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता पर जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, उद्यमियों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

### मनाया जाएगा विश्व योग दिवस

21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए संतोष पटेल को संयोजक तथा 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के लिए परेटन वर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, कृष्ण कुमार वैष्णव, देव कुमारी चंद्रवंशी, संतोष पटेल, परेटन वर्मा सहित 200 से अधिक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन विकसित भारत के निर्माण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# एएसआई वासुदेव साय पैकरा को विभाग ने दी विदाई व सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) वासुदेव साय पैकरा के सेवानिवृत्त होने पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी तथा सम्मानित किया।

# गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने आज समीपस्थ ग्राम नवागांव (दयाली) का दौरा किया।

इस दौरान वे सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय विशाल सिंह राज के निवास गृह पहुंचे, जहां उन्होंने स्व. राज के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्री पटेल ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया और इस गहरे दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दुखद अवसर पर स्वर्गीय विशाल सिंह राज के व्यक्तित्व को याद करते हुए विशेषर पटेल ने कहा कि वे बेहद मिलनसार, सरल और सेवाभावी प्रवृत्ति के धनी थे। वे उनके अत्यंत करीबी और अच्छे मित्रों में से एक थे। भावुक होते हुए श्री पटेल ने बताया अभी कुछ ही दिनों पहले शनि जयंती के अवसर पर गौरकापा धाम में मेरी उनसे मुलाकात हुई थी। उस समय सहज रूप से चर्चा हुई थी, लेकिन उसके ठीक अगले शनिवार को ही उनके आकस्मिक निधन और अंतिम संस्कार की हृदय विदारक खबर मिली।



इस खबर ने मुझे स्तब्ध कर दिया। उनका जाना एक व्यक्तिगत क्षति है। नवागांव में श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात, विशेषर पटेल अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शाम को जिला मुंगेली के ग्राम धनगांव स्थित श्री कृष्ण गौशाला के लिए प्रस्थान कर गए।

इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से सीताराम साहू, ग्राम कोदवागोडान से रविनंदन पांडेय, श्याम लाल प्रजापति एवं डिंडोरी निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता वेदराम साहू उपस्थित थे।

**जनसेवा ही भावना के तत्वावधान में शिविर आयोजित, 45 लोग लाभान्वित**

# ग्राम पंवरजली में निःशुल्क मोबाइल हेल्थ शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा की समाजसेवी संस्था जनसेवा ही भावना द्वारा ग्राम पंचायत पंवरजली में निःशुल्क मोबाइल हेल्थ एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ प्राप्त किया। ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य और समय पर बीमारी की पहचान के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में 20 से अधिक सामान्य एवं जटिल स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। जांचों में सीबीसी (आरबीसी, डब्ल्यूबीसी, प्लेटलेट्स, एचबी), मलेरिया, डेंगू, ग्लूकोज, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स, एचडीएल-सी, क्रिएटिनिन, यूरिया, यूरिक एसिड, एसजीपीटी, एसजीओटी, बिलीरुबिन (टोटल एवं डायरेक्ट), एल्बुमिन तथा अल्कलाइन फॉस्फेट सहित अन्य महत्वपूर्ण परीक्षण शामिल रहे। इन जांचों के माध्यम से गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान संभव हो सकेगी। शिविर का शुभारंभ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं किसान मोर्चा के नेता हरेंद्र राजपूत के करकमलों से हुआ। उन्होंने संस्था द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को समय पर उपचार के लिए प्रेरित करते हैं। संस्था 'जनसेवा ही भावना' द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभियान से अब तक जिले के हजारों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। यह सेवा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर संचालित की जा रही है।

### पंडरिया विधानसभा में कई निःशुल्क सेवाएं संचालित



विधायक भावना बोहरा की संस्था द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जनहितकारी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रत्येक मंडल में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, महाविद्यालयीन छात्रों के लिए निःशुल्क बस सेवा, निःशुल्क कोचिंग सेंटर तथा वनांचल क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु टैंकर सेवा प्रमुख हैं। इन सेवाओं के कारण क्षेत्र की जनता विधायक भावना बोहरा के प्रयासों की सराहना कर रही है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पंवरजली के सरपंच अनिल सिंह राजपूत, बूथ अध्यक्ष पुकल सिंह राजपूत, कान्हा सिंह राजपूत, प्रदीप राजपूत, हेमलता राजपूत, ज्योति राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।